करौली में धूमधाम के साथ निकली चतुर्मास मंगल प्रवेश की शोभायात्रा

चतुर्मास के लिए करौली पधारी शासन ज्योति जी महाराज की चातुर्मास मंगल प्रवेश शोभायात्रा करौली शहर के तीन बड स्थित एक जैन निवास से शुरू हुई

करौली (नि.स.) । करौली जिला मुख्यालय पर चतुर्मास करने आई एक जैन समाज की साध्वी की मंगल प्रवेश शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें जैन समाज के महिला पुरुषों ने भाग लिया।

श्वेतांबर पालीवाल जैन समाज की ओर से चतुर्मास के लिए करौली पधारी शासन ज्योति जी महाराज की चातुर्मास मंगल प्रवेश शोभायात्रा करौली शहर के तीन बड स्थित एक जैन निवास से बैंड बाजे के साथ शुरू हुई जो ट्रक यूनियन सर्किल, कलेक्ट्रेट सर्किल, गौशाला, वजीरपुर गेट होते हुए बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर तक पहुंची मंगल प्रवेश शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी तो वहीं जैन समाज के लोग एक जैसी वेशभूषा में साफा बांधकर चल रहे थे। इस दौरान कलेक्ट्रेट सर्किल स्थित पदम स्टोर पर प्रदीप जैन, विमला जैन परिवार कि ओर से जेसीबी मशीन से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए शीतल पेय पिलाकर सब का स्वागत किया शोभा यात्रा के पालीवाल जैन मंदिर पहुंचने के बाद मंगल प्रवेश के लिए आई शासन ज्योति जी महाराज ने धर्म का प्रचार प्रसार के लिए प्रवचन देते हुए सद मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

- **मंगल प्रवेश शोभा यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी तो वहीं जैन समाज के लोग एक जैसी वेशभूषा में साफा बांधकर चल रहे थे**

करौली के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरती मंगल प्रवेश शोभा यात्रा ।

विवाहिता ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

धौलपुर। धौलपुर शहर के थाना निहालगंज क्षेत्र की सीताराम कॉलोनी में एक विवाहिता ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। विवाहिता के खुदकुशी की सूचना मिलते ही पुलिस ने पीहर पक्ष को सूचना देते हुए शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया। जहां पीहर पक्ष की शिकायत पर दहेज की खातिर हत्या का मुकदमा करते हुए महिला थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है।

घटना को लेकर को सीओ सिटी तपेंद्र मीणा ने बताया कि पुलिस को रात को एक महिला द्वारा फंदा लगाकर खुदकुशी की सूचना मिली थी। जिस सूचना के बाद पुलिस ने पीहर पक्ष को सूचना देते हुए शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवा दिया। उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय महिला स्नेहा पुत्री श्याम सिंह निवासी लहकपुर की शादी 4 वर्ष पूर्व सीताराम कॉलोनी के रहने वाले युवक मनीष के साथ हुई थी। मृतक महिला के पिता श्याम सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर उनकी बेटी को प्रताड़ित करने के साथ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है । मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करने पहुंचे महिला थाने के एएसआई बलविंदर सिंह ने बताया कि बबीता की मौत के मामले में पोस्टमार्टम कराया गया है।

सार-समाचार

वृक्षारोपण किया

भरतपुर (निस)। प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम ने वृक्षारोपण किया। जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन ने बताया कि प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान तथा हरित पखवाड़ा के तहत प्रदेश संरक्षक अशोक पाराशर तथा श्याम सिंह जघीना व प्रदेशअतिरिक्त महामंत्री पवन शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम भरतपुर द्वारा मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरतपुर के पास संगठन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अनिल भारद्वाज जिला संरक्षक ,केशव देव शर्मा प्रतिनिधि संस्कृत विभाग, ब्रिज किशोर शर्मा जिला पदाधिकारी, देवेंद्र चौधरी सामाजिक कार्यकर्ताआदि उपस्थित थे, साथ ही जिलाध्यक्ष ने बताया की 8 जुलाई को कलेक्ट्रेट के समक्ष 25 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें पदाधिकारीयों सहित लगभग 100 की संख्या में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के सदस्य शामिल होंगे। यह प्रदर्शन विज्ञापन पूरे राजस्थान में एक साथ होने वाला है।

ग्रामीणों ने खुद ही पाया आग पर काबू

नदबई (निस)। क्षेत्र के गांव रायसीस में अज्ञात कारणों के चलते ईंधन और बिटौरा में आग लग गई। आग ने आसपास के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग फैलती देख ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची नदबई नगर पालिका की दमकल गाड़ी ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायरमैन शुभम और ऐश्वर्य ने बताया गांव रायसीस निवासी राकेश पुत्र अतरसिंह ने अपने घर के पास ईंधन, बिटौरा रखे हुए थे। जहां अज्ञात कारणों के चलते ईंधन, बिटौरा में अचानक आग लग गई। आग लगता देख पीड़ित राकेश आग बुझाने को दौड़ पड़ा। आसपास के ग्रामीण भी पीड़ित को आग बुझाता देख मौके पर पहुंच गए। लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग ने आसपास के पेड़ों को भी चपेट में। ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी। सूचना पर तुरंत नदबई नगर पालिका की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

शोभायात्रा का स्वागत

भरतपुर (निस)। शहर में निकली भव्य शोभायात्रा का वासन गेट स्थित मंदिर श्री दाऊजी महाराज एवं मंदिर ओंकारेश्वर महादेव पर भव्य स्वागत सत्कार किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपीलाल अठावाल ने बताया कि रथयात्रा का पुष्पवर्षा, पुष्पाहार अर्पण कर आरती की गई एवं भोग प्रसाद लगाया गया। भक्तगणों को मंदिर श्री दाऊजी महाराज पर ठंडाई एवं ओंकारेश्वर महादेव पर शरवत प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर संरक्षक मोहन मित्तल, महेश गोयल सर्राफ, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल, कैलाश मित्तल, पंडित सोनू, कृष्ण कुमार चावला, विनोद मेडीकल, राम बिहारी शर्मा, अर्जुन बंसल, विष्णु लोहिया, कृष्ण कुमार शर्मा, भगवानदास गर्ग आदि मौजूद रहे।

नियंत्रण कक्ष स्थापित

करौली (नि.स.) । अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र की बैठक 3 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है।उन्होने बताया कि राजस्थान विधानसभा के लंबित प्रष्न, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव, विषेष उल्लेख प्रस्ताव एवं आष्वासन संख्याओं के निस्तारण हेतु अठिाम आदेषों तक कलेक्ट्रेट करौली मे नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 07464-251335 है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर होंगे तथा सहायक प्रभारी अधिकारी प्रषासनिक अधिकारी बलवीर शर्मा रहेंगे। इसके अलावा विभिन्न पारियों मे भी कार्मिकों की नियुक्ति कर दी गई है।

समीक्षा बैठक 19 को

करौली (नि.स.)। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा की अध्यक्षता मे 19 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। इसके अलावा संभागीय आयुक्त जिला स्तरीय जनसुनवाई, कार्यालय कोषाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण एवं हिण्डौन सिटी मे आयोजित रात्रि चौपाल मे भी भाग लेंगे।

डॉ. सुभाष गर्ग के पिताजी को सांसद व विधायकों ने दी पुष्पांजलि

भरतपुर (निस)। पूर्व मंत्री व विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के पिताजी प्रभुदयाल गर्ग के निधन पर रविवार को राज गार्डन में शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाजों, संगठनों, राजनैतिक दलों, पाषदों, पत्रकारों सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकडों लोगों ने पहुंचकर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। सभी ने दिवगंत आत्मा को शान्ति प्रदान करने के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयन्त चौधरी सहित अन्य मंत्रियों, विधायकों, सांसदों ने शोक संदेश भेजकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले में प्रमुख रूप से सांसद संजना जाटव, धौलपुर-करौली सांसद भजनलाल जाटव, विधायक अमित चाचाण, विधायक रोहित बोहरा, विधायक ऋतु बनावत, पूर्व विधायक लाखन मीणा, पूर्व विधायक विजय बंसल, राजीव गांधी स्टेडी सर्किल के समन्वयक सतीश राय, मेयर अभिजीत कुमार, संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा, आरएलडी के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार, पूर्व प्रधान निहाल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि सतीश सोगरवाल, कांठोस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, सेवर ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल जाटव, कांठोस नेता चुन्नी कप्तान, पूर्व मेयर शिवसिंह भौंट, कुम्हेर नगर पालिका चेयरमैन राजीव अठावाल, बयाना नगर पालिका विनोद बट्टा, गिरधारी तिवारी, यश अठावाल, हजारी सिंह, एडवोकेट श्रीनाथ शर्मा, गांधी देव, रमेश सैनी, डॉ. प्रेमसिंह कुंतल, उप मेयर गिरीश चौधरी, ईश्वर सिंह, महेश बंसल, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष अमरसिंह, मानसिंह, पार्षद प्रतिनिधि प्रेमपाल सिंह, अपना घर के संस्थापक डॉ. बीएम भारद्वाज, पत्रकार सुरेश फौजदार, प्रमोद कल्याण, आदर्श मधुकर, राजेन्द्र जती, छात्रनेता राहुल उवार, पार्षद श्यामसुन्दर गौड, डोरीलाल एडवोकेट, नगर निगम के प्रतिपक्ष नेता रूपेन्द्र जघीना, पार्षद रेनू गौरावर, प्रवीण फौजदार, अनिल, समुन्दर, राजेन्द्र सारस्वत, रंधीर सिंह, मोहनचाचा, भाजपा के जिलाध्यक्ष मनोज भारद्वाज, शैलेष, ज्ञानू जघीना, राकेश सर्राफ, डॉ. गोविन्द गुप्ता, डॉ. आरजी अठावाल, डॉ. गुरुदीप सिंह, पूर्व उप मेयर इन्द्रपाल सिंह, उत्तम शर्मा, डॉ. अमरसिंह, पार्षद मुकेश जाटव, नेमसिंह फौजदार, ऋषि बंसल, पार्षद मोती, भाजपा नेता गिरधारी गुप्ता, ताराचन्द एडवोकेट, डॉ. सुरेश यादव, बच्चूसिंह सोंलकी, महेन्द्र तिवारी, एडवोकेट सत्येन्द्र गोयल, हरीकिशन, महेश, लक्ष्मण सिंह, एडवोकेट राजेश मित्तल, मुरवारा सरपंच रविपाल, पूर्व पार्षद अशोक लवानिया, सरपंच रंधीर सिंह, सरपंच वीरेन्द्र सिंह, सरपंच नेमसिंह, हरेन्द्र सिंह पीपला, एडवोकेट यशवन्त सिंह, फोर्टी अध्यक्ष अनुराग गर्ग, ब्रह्माण सभा के पूर्व अध्यक्ष कौशलेश शर्मा, शिक्षाविद वासुदेव गुप्ता, सहित नगर निगम के पार्षद गण, पंचायत राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके अलावा शोक संदेश मोबाइल संघ, पुस्तक एवं स्टेशनरी व्यापार एसोसिएशन, पर्यावरण मित्र केदार नाथ वर्मा, आर्य विद्यापीठ भुसावर, महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति, श्री ब्राह्मण सभा, राजस्थान बृजभाषा अकादमी जयपुर, अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, बियानी गर्ल्स कॉलेज जयपुर, राजस्थान पेंशनर्स समाज, जिला जाट महासभा, बृज औद्योगिक संघ, जिला कांठोस कमेटी, महात्मा ज्योतिबा फुले माली उत्थान समिति, दा बार एसोसिएशन समिति सहित अन्य संगठनों, समाजों की तरफ से शोक संदेश भेजे गये।

नीरज शर्मा होंगे मासलपुर के नए थाना अधिकारी

करौली (नि.स.) । करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए करौली यातायात प्रभारी के पद पर कार्यरत नीरज शर्मा को मासलपुर थाना अधिकारी के पद पर लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने पुलिस महकमे में फेरबदल करते हुए मासलपुर थाना अधिकारी के पद पर कार्यरत चंचल शर्मा को पुलिस लाइन में भेज दिया है वही उनके स्थान पर करौली यातायात प्रभारी के पद पर कार्यरत नीरज शर्मा को मासलपुर थाना अधिकारी लगाया गया है। करौली यातायात प्रभारी का पद रिक्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कार्यरत सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह को यातायात प्रभारी करौली के पद पर लगाया है।

करंट आने से युवक की मौत

धौलपुर । धौलपुर शहर के नजदीक स्थित सदर थाना क्षेत्र के पुरानी छावनी गांव में रविवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक घर का कचरा फेंकने के लिए ट्रांसफार्मर के पास गया था। जहां ट्रांसफार्मर के पास जमीन गीली होने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार घटना में 25 वर्षीय युवक ललित पुत्र रामनाथ शर्मा निवासी पुरानी छावनी धौलपुर की मृत्यु हुई है।

मृतक मूलतः मत्सूरा बाड़ी का रहने वाला है। जो करीब 20 वर्ष से अपने मामा के यहां गांव पुरानी छावनी धौलपुर में ही रहता है। इसके पिता बचपन में ही परिवार को छोड़कर चले गए थे, जो अब तक वापस नहीं लौटे हैं। वहीं माता की भी करीब 6-7 वर्ष पहले बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। मृतक युवक ललित 4 भाईयों में सबसे छोटा था। जो राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज धौलपुर से पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। मृतक युवक समाजसेवी रिंकू शर्मा छावनी की बुआ का बेटा है । समाजसेवी रिंकू ने बताया कि रविवार दोपहर को युवक ललित घर का कचरा लेकर ट्रांसफार्मर के पास फेंकने के लिए गया था। बारिश की वजह से ट्रांसफार्मर के आसपास की जमीन गिली होने की वजह से युवक करंट की चपेट में आकर मौके पर ही गिर गया। युवक के जमीन पर गिरते ही मौके से उठाकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचाया।

धौलपुर के पुरानी छावनी गांव में रविवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

कमेटी ने मंदिर पुनःर्निमाण के लिए अवलोकन किया

भरतपुर (निस)। कुम्हेर गेट चौराहा स्थित मंदिर जाहरवीर के पुनः निर्माण के लिए जिला प्रशासन भरतपुर द्वारा गठित की गई कमेटी ने आज रविवार को मंदिर पहुंचकर अवलोकन किया और राजस्व रिकॉर्ड एवं तकनीकी रूप से जांच कर मौके पर जानकारी ली गई। रविवार को कुम्हेर गेट चौराहे पर कमेटी मे शामिल तहसीलदार भू अभिलेख तारा चन्द सैनी हल्का पटवारी पुष्पेन्द सिंह ने मौके पर राजस्व रिकार्ड अनुसार जॉच की गई। वही कमेटी में शामिल नगर विकास न्यास भरतपुर के अधिशाषी अभियन्ता डीपी शर्मा ने तकनीकि कर्मचारियो के साथ तकनी कि मापदण्डो की जॉच कर कमेटी के सदस्य अनिल कोठारी जीतेन्द्र सिंह सत्य प्रकाश शर्मा आदि मन्दिर निर्माण बाबत तकनीकि रिकार्ड के सम्बन्ध मे विचार विमर्श किया गया। मौके पर मौजूद पूर्व नेता प्रतिपक्ष इन्द्रजीत भारदाज ने तहसीलदार को राजस्व रिकार्ड दस्तावेज दिरवाकर तथा तकनीकि अभिन्यता को पूर्व शहर सौन्दर्यीकरण के मानचित्र की जानकारी देते हुए कमेटी को अवगत कराया कि मन्दिर जहावीर रियासत कालीन निर्मित मन्दिर है जिसका राजस्व रिकाई में इन्द्राज है। भू प्रबन्ध हाल से पहले रिकार्ड में मन्दिर जहार वीर के नाम से खन 745 रकवा 17 बिस्वा दर्ज चला आरहा है, भारद्वाज ने मौके पर ही राजस्व रिकॉर्ड का तहसीलदार भू अभिलेख को अवलोकन करा कर रिकार्ड उपलब्ध कराया गया और मंदिर के निर्माण कराने के पक्ष मेंअपनी बात रखी और आगे अनुरोध किया गया कि तोड़े गये मन्दिर का पुनः निर्माण कराते हुए मन्दिर के ऊपर होकर गुजर रही बिजली की लाईन को हटाने मन्दिर की शेष भूमि की चार दिवारी का निर्माण करा कर गठ्ठे में मिट्टी का भर्त मेला लगने से पूर्व कराया जाये।

प्रेरणा उत्सव मनाया

गंगापुर सिटी 7 जुलाई। जवाहर नवोदय स्कूल गंगापुरसिटी में प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों को मार्गदर्शन के लिए प्रेरणा संक्षिप्त फिल्म भी दिखाई गई। प्रतियोगिता में चयनित 15 छात्र, 15 छात्राओं का व्यक्तिगत वार्ता के तहत व्यक्तित्व और सांस्कृतिक जागरूकता का परीक्षण किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें गुजरात के अहमदाबाद जिले के वडनगर स्थित प्रेरणा स्कूल में जाने का मौका मिलेगा। प्रिंसिपल डॉ. रमेश बाबू ने बताया कि प्रेरणा उत्सव कक्षा नवीं से बारहवीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यकम है।

कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन

करौली (नि.स.) । राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के द्वारा प्रदेश भर के सभी संवर्गों के शिक्षकों की विधिसम्मत 25 सूत्रीय मांगों को लेकर आज सोमवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा जिसमे करौली जिले कि समस्त ब्लॉक की शाखाओं, उपशाखाओं कि कार्यकारिणी एवं सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से आज दोपहर 2:00 बजे जिला कलेक्ट्रेट में एक साथ उपस्थित होकर शिक्षकों कि मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया जायेगा। शिक्षक संघ सियाराम के जिला महामंत्री सुनील गोयल ने बताया कि संगठन की प्रदेश इकाई के द्वारा चरणबद्ध तरीके से विभिन्न स्तरों पर प्रदेश,जिला एवं ब्लॉक शाखाओं द्वारा राज्य सरकार के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को शिक्षकों कि 25 सूत्रीय मांगों के समर्थन में ज्ञापन देने एवं विभिन्न समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए बड़े स्तर पर राज्य व्यापी आंदोलन शुरू किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष अमरसिंह मीना ने समस्त ब्लॉक उपशाखाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्य शिक्षकों से आज सोमवार को दोपहर 2:00 बजे अधिक से अधिक संख्या में जिला कलेक्ट्रेट,करौली में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

करौली में स्काउट व गाइड ने मनाया वन महोत्सव

करौली (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड इको क्लब महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कैलादेवी के तत्वाधान में वन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य रजनीश अवस्थी ने कहा कि वन महोत्सव के तहत लगाए गए पौधों की पूर्ण सुरक्षा एवं उन्हें बड़े करने का उत्तरदायित्व स्थानीय विद्यालय के स्काउट गाइड एवं स्टाफ ने लिया है।

स्थानीय संघ करौली के सहायक सचिव एवं ट्रेनिंग काउंसलर गणेश चंद शर्मा ने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड इको क्लब महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कैला देवी के तत्वाधान में वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता एवं अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश अवस्थी ने की इस अवसर पर स्काउट गाइड बालक बालिकाओं को संबोधित करते हुए सी ओ स्काउट ने कहा की एक वृक्ष 100 पुत्र के समान होता है हमें प्रत्येक वृक्ष कि सार संभाल कर उससे बड़ा करना है जिससे विद्यालय का वातावरण आनंद मय हो जाए।

सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत ने बालक बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्काउट गाइड के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति सड़क सुरक्षा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ लगातार अभियान चलाएं एवं अपने-अपने अभिभावक मित्रों को प्रेरित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें

इस अवसर पर एसएमसी सदस्य गोपाल लाल पीटीआई हिम्मत सिंह सत्यनारायण महेरा सत्यनारायण शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ के सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने मिलकर लगभग 10-10 फीट के 150 पौधे स्काउट गाइड बालक बालक बालिकाओं के सहयोग से बरगद पीपल, आम,जामुन,बेलपत्र,आबला, राज्य वृक्ष खेजड़ी,कनेर,शहतूत सहित लगभग 20 प्रजातियां के पेड़ लगाए।इस अवसर पर उपस्थित स्टाफ सदस्य सूर्यकांत शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा, उप प्रधानाचार्य व्याख्याता विमलेश शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा, रघुवीर भगत, महेश चंद मीणा, वरिष्ठ अध्यापक अर्चना अठावाल, अवतार लाल मीणा, दीनदयाल शर्मा, राज बिहारी शर्मा, ऋषि राज शर्मा अध्यापक एवं स्काउटर गणेश चंद शर्मा, विजय कुमार वर्मा, मुरलीधर सैन, गगन शर्मा, भरती लाल बैरवा, करण सिंह मीणा, मुरारी लाल सैन,सरिता बाई, सीता गुप्ता, मनीषा मीणा, विष्णु कुमार, कुलदीप, देवेंद्र कुमार मीणा, सुधीर मीणा, शैलेश अठावाल, राजेंद्र कुमार शर्मा, राधेश्याम मीणा ने एक-एक पेड़ को गोद लिया एवं उसकी पूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी ली।

बिहारी जी परिक्रमा मार्ग में 300 पौधे लगाए

भरतपुर (निस)। पर्यावरण मित्र एक अभियान है पेडों और प्रकृति के प्रति लोगों के जागरूक करने का। इस अभियान के अंतर्गत 7 जुलाई रविवार को बिहारी जी परिक्रमा मार्ग क़िला में 300 पेड़ लगाए गए। इस कार्यक्रम को ज्वाइंट्स ग्रुप एवम श्री बाँके बिहारी जी मंदिर विकास ट्रस्ट के सहयोग से किया गया। इस पौधा रोपण कार्यक्रम में श्री बाँके बिहारी जी मंदिर आने वाले भक्तों का विशेष सहयोग रहा उनके सहयोग के कारण 300 पेड 60 मिनट में ही लग गए ऐसा कार्यक्रम भरतपुर में पहली बार हुआ है। पर्यावरण मित्र भरतपुर के कुछ पर्यावरण प्रेमियों के द्वारा बनाया गया संगठन है जो पहले अलग अलग प्रकृति के संवर्धन के लिए प्रयास कर रहे थे। अब पर्यावरण मित्र का ये प्रयास है की जन जन तक ये जागरण होना चाहिए की पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने उपयोगी है पेड़ों के बिना मानव जीवन को कल्पना भी संभव नहीं है। पेड़ लगाने के और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी को सरकार के भरोसे छोड़कर हम इस धरती के लिए अपने दायित्व एवं जिम्मेदारी से बच नही सकते। इस भूमि धरती मां के लिए पेड़ बहुत आवश्यक है धरती माता का एवं हमारे वायुमंडल का तापमान बढ़ रहा है उसका एक मात्र उपाय हमारे पास है केवल बड़े छायादार पेड़। आज जो 300 पेड़ लगाए गए वो 10 से 15 फुट के नीम, पीपल, मुख्यरूप से लगाए गए।

हिण्डौन सिटी में पर्यावरण संतुलन के लिए किया दर्जनों पौधारोपण

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुर्जर ने पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की

हिंडौन सिटी । समीपवर्ती कैमरी गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पौधारोपण अभियान के तहत दर्जनों पौधे लगाए गए । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रेम सिंह गुर्जर, आयुर्वेदिक प्रभारी डॉ जीतेन्द्र गुर्जर ने पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गयी । इसके बाद अन्य कार्मिकों ने भी विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए। पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ प्रेम सिंह गुर्जर, डॉ जीतेन्द्र गुर्जर, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र पंवार, कम्प्यूटर ऑपरेटर सुमरन खटाना, विजेन्द्र खटाना, मेल नर्स जतन खटाना , बनवारी लाल सहित कई कार्मिक मौजूद रहे ।

वहीं कैमरी पुल की ढाणी में समाजसेवी भूपेन्द्र खटाना अधैत ने अपना जन्मदिन सार्वजनिक स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देकर मनाया । इंजी. भूपेन्द्र खटाना ने पौधरोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पौधरोपण करना जरूरी है ।

सुठीव सरपंच ने पेड़ो को पूजनीय बताते हुए इनकी कटाई पर रोक लगाने की बात कही । कार्यक्रम में रामनरेश खटाना, भीम सिंह, हैप्पी खटाना, सत्ती अधैत, महेन्द्र खटाना, अवदेश खटाना, कुलदीप केडी, प्रदीप, हेमसिंह सहित कई युवा मौजूद रहे।

बझेडा : पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए जरुरी है की आस पास हरे भरे पौधे हो लेकिन वर्तमान समय में बढ़ते ओधोंगिकीकरण की वजह से लाखों पेड़ पौधों को काटा जारहा है ।लोकेश बझेड़ा ने बताया की ऐसे में पर्यावरण पर इसका साफ असर देखा जा सकता है ।हालांकि पर्यावरण को शुद्ध रखने और हवा की गुणवत्ता को बरकरार रखने को लेकर सरकारें पौधरोपण अभियान चलाती रहती है ।रविवार को भाजपा एसटी मोर्चा हिंडौन ग्रामीण की मंडल अध्यक्ष शीला मीणा के निर्देश पर एसटी मोर्चा के मीडिया प्रभारी कुंवर सिंह,शेखर आदि ने पौधरोपण किया ।

इस दौरान बझेड़ा पंचायत के सार्वजनिक स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली ।मंडल अध्यक्ष शीला मीणा ने पर्यावरण संतुलन के लिए लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल कर वृक्ष बनाने पर जोर दिया उन्होंने कहा की पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाना चाइए पौधरोपण के साथ संरक्षण का संकल्प लेकर ही पौधे लगाए जाए तभी पौधे लगाने का सार्थक परिणाम मिलेगा।

इसके बाद युवाओं ने पौधे लगाकर उनकी नियमित पानी देने के साथ सार संभाल की जिम्मेदारी ली ।



कैमरी गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पौधारोपण अभियान के तहत दर्जनों पौधे लगाए गए।

गौमाता के लिए 3 टीन शेडों का लोकार्पण

भरतपुर (निस)। अपना घर आश्रम एंव नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में संचालित अपना घर नन्दीशाला व गौशाला का द्वितीय स्थापना दिवस एवं गौमाता के लिए 3 टीन शेडों का लोकार्पण एवं कार्यकारिणी का दायित्व ठाहण समारोह नगर निगम भरतपुर, के आयुक्त रिछपाल बुडरक के मुख्य आतिथ्य एवं ओंकारनाथ गुप्ता, कैप्टन लेखराज सिंह के विशिष्ठ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अब तक गौशाला में दो हजार गौमाताओं की आवासीय क्षमता थी वर्तमान में तीन नए शेड बनने के बाद अब गौशाला में दो हजार पांच सौ गौमाताऐं रह सकेंगी। निगम आयुक्त रिछपाल बुडरक व आश्रम पदाधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। अपना घर लोहागढ गौशाला का प्रतिवेदन विधितात्मानंद महाराज द्वारा प्रस्तुत किया गया विस्तार से जानकारी देते बताया कि वर्तमान में गौशाला में कुल 1981 गौवंश हैं जिनमें 353 नंदी, 946 गौमाता, 590 बछडे, 92 नवजात बछडे- बछडी, 67 दुधारू गाय एवं 87 गर्भवती गौमाताऐं गौशाला में आवासरत हैं और प्रतिमाह करीब 25 गौमाताऐं बछडों को जन्म देती हैं।

इनकी सेवा में 32 गौपालक लगे हुऐ हैं। वहीं संस्था संरक्षक वीरपाल सिंह ने अपना घर आश्रम एवं लोहागढ गौशाला की गतिविधियों से विस्तार से अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरूआत गौमाता के पूजन एवं भारत माता के चित्र के सामने आश्रम पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई।